KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC Mentorship
# Polity - MCQ (49)

**1.** संसद में किसी सामान्य विधेयक को प्रस्तुत करते सय निम्नलिखित में से कौन-सा प्रस्ताव नहीं किया जा सकता है?

(a) यह कि विधेयक पर विचार किया जाए

(b) यह कि जनता की राय प्राप्त करने के प्रयोजन से विधेयक को परिचालित किया जाए

(c) यह कि विधेयक को किसी प्रवर समिति को भेजा जाए

(d) विधेयक को दूसरे सदन की सहमति के बिना सदन की किसी संयुक्त समिति को भेजा जाए

**2.** लोक सभा में किसी विधेयक पर आम बहस निम्नलिखित में से किस स्तर पर होती है?

(a) विधेयक की प्रस्तुति के समय

(b) द्वितीय वाचन में

(c) प्रतिवेदन स्तर पर

(d) तृतीय वाचन में

**3.** एक साधारण विधेयक को संसद के प्रत्येक सदन में निम्न चरणों से गुजरना होता है-

(a) प्रथम वाचन, द्वितीय वाचन, समिति अवस्था, प्रतिवेदन अवस्था, तृतीय वाचन

(b) प्रथम वाचन, समिति अवस्था, प्रतिवेदन अवस्था, द्वितीय वाचन

(c) प्रथम वाचन, द्वितीय वाचन, तृतीय वाचन

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** भारत की संसद के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. गैर-सरकारी विधेयक ऐसा विधेयक है, जो संसद के ऐसे सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया जाता है जो निर्वाचित नहीं है किन्तु भारत के राष्ट्रपति द्वारा नामनिर्दिष्ट है।

2. हाल ही में, भारत की संसद के इतिहास में पहली बार एक गैर-सरकारी विधेयक पारित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**5.** सरकारी विधेयक से आशय निम्नलिखित में से किसके द्वारा पुन: स्थापित विधेयक होता है?

(a) लोकसभा में सत्ता पक्ष के किसी सदस्य द्वारा

(b) किसी संसद सदस्य द्वारा जो मंत्री नहीं है

(c) लोकसभा में मंत्री द्वारा

(d) संसद के किसी भी सदन में मंत्री द्वारा

**6.** एक विधेयक जो संसद में प्रस्तुत किया जाता है, कौन-सी क्रिया के बाद अधिनिय बन जाता है?

(a) वह संसद के दोनों सदनों के द्वारा पारित हो जाता है

(b) जब राष्ट्रपति अपनी सहमति दे देता है

(c) जब प्रधानमंत्री इस पर हस्ताक्षर कर देता है

(d) जब सर्वोच्च न्यायालय इसे केन्द्रीय संसद के अधिकार क्षेत्र में होना घोषित करता है

**7.** संसद में पुर:स्थापित किसी विधेयक के अधिनियम बनने के लिए निम्नलिखित में से किन प्रक्रियाओं का अपनाया जाना आवश्यक है?

1. इसे संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किया जाएगा।

2. राष्ट्रपति अपनी अनुमति प्रदान करेगा।

3. संसद द्वारा अनुसमर्थन हो जाने पर प्रधानमंत्री इस पर हस्ताक्षर करेगा।

4. उच्चतम न्यायालय अनुमोदन प्रदान कर घोषित करेगर कि वह संसद की अधिकारिता के अन्तर्गत है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3

(c) 1, 2, 3 और 4 (d) केवल 3 और 4

**8.** जब कोई विधेयक संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित कर दिया गया है, तो निम्नलिखित में से किसको उस विधेयक पर अनुमति रोकने का अधिकार प्राप्त है?

(a) राष्ट्रपति को (b) प्रधानमंत्री को

(c) लोकसभा के अध्यक्ष को

(d) राज्यसभा के सभापति को

**9.** कोई कानूनी विधेयक संसद के किस पटल पर रखा जा सकता है?

(a) लोकसभा में

(b) राज्यसभा में

(c) दोनों में सेसद के एक पटल पर

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** संसद द्वारा पारित कोई गैर-धन विधेयक राष्ट्रपति द्वारा संसद को पुनर्विचारार्थ लौटाए जाने पर यदि वह दुबारा बिना किसी संशोधन के पारित कर दिया जाता है तो, अब-

(a) राष्ट्रपति उस पर हस्ताक्षर करना पुन: अस्वीकार कर सकता है

(b) विधेयक स्वत: रद्द् हो जाएगा।

(c) विधेयक सर्वोच्च न्यायालय के विचारार्थ भेजा जाएगा

(d) राष्ट्रपति को उस पर हस्ताक्षर करने होंगे।

**11.** लोकसभा द्वारा पारित किसी धन विधेयक को राज्य सभा द्वारा कितने सप्ताहों तक रोककर रखा जा सकता है?

(a) दो (b) तीन

(c) चार (d) पाँच

**12.** लोकसभा क्षरा पारित धन-विधेयक राज्यसभा के द्वारा भी पारित मान लिया जायेगा, यदि राज्यसभा द्वारा उस पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती;

(a) 10 दिनों तक (b) 14 दिनों तक

(c) 15 दिनों तक (d) 16 दिनों तक

**13.** धन विधेयक को प्रस्तुत करने के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) वित्त विधेयक राज्यसभा में प्रस्तुत होता है।

(b) यह संसद के किसी भी सदन में प्रस्तुत किया जा सकता है।

(c) यह लोकसभा में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता।

(d) यह लोकसभा में प्रस्तुत किया जाता है।

**14.** धन विधेयक कहाँ पुर:स्थापित किया जाता है?

(a) लोकसभा में (b) राज्यसभा में

(c) दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक, धन विधेयक (मनी बिल) की सही विशेषता नहीं है?

(a) इसे केवल लोकसभा में पुर: स्थापित (इंट्रोड्यूस) किया जा सकता है

(b) अध्यक्ष (स्पीकर) का पद रिक्त होने की स्थिति में उपाध्यक्ष (डिप्टी स्पीकर) भी धन विधेयक को प्रमाणित कर सकता है

(c) कोई विधेयक धन विधेयक है अथवा नहीं, यह विनिश्चय करने के लिए अध्यक्ष (स्पीकर) का प्राधिकार अंतिम होता है।

(d) इसे दोनों सदनों की संयुक्त समिति के पास भेजा जा सकता है।

**16.** कोई विधेयक 'धन विधेयक' तभी समझा जाएगा, जब उसके कोई उपबंध

1. किसी कर के अधिरोपण, उत्पादन, परिहार, परिवर्तन या विनियन से संबंधित हैं
2. भारत की संचित निधि में से धन के विनियोग से संबंधित हैं
3. जुर्मानों या अन्य आर्थिक दंडों के अधिरोपण से संबंधित हैं
4. अनुज्ञप्तियों के लिए शुल्क या की गई सेवाओं के लिए शुल्क के संदाय से संबंधित हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2 (b) 1, 3 और 4

(c) केवल 1, 2 और 3 (d) केवल 2

**17.** धन विधेयक के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) किसी विधेयक को धन विधेयक तभी माना जायेगा जब उसमें अर्थदंडों अथवा शास्तियों के अधिरोपण का उपबंध हो।

(b) धन विधेयक राज्य सभा में पुर: स्थापित किया जायेगा

(c) राज्यसभा धन विधेयक को नामंजूर कर सकती है

(d) यदि इसके बारे में कोई विवाद खड़ा हो, तो लोकसभा अध्यक्ष ही अंतत: निर्णय करता है कोई विधेयक धन विधेयक है

**18.** कोई विधेयक 'धन विधेयक' समझा जाएगा, यदि उसमें केवल निम्नलिखित विषयों सम्बन्धित उपबन्ध हैं

1. किसी कर का अधिरोपण, परिवर्तन या विनियमन।
2. सरकार द्वारा धन उधार लेने का विनियन।
3. भारत की संचित निधि या आकस्मिकता निधि की अभिरक्षा।
4. जुर्नों या अन्य शास्तियों के अधिरोपण का अथवा अनुज्ञप्तियों के लिए फीसों की या कई गई सेवाओं के लिए फीसों की माँग का या उनके संदाय का उपबन्ध।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**19.** सरकार को धन उगाहने अथवा खर्च करने के लिए अधिकृत करने वाले विधेयक को कहा जाता है:

(a) सरकारी विधेयक (b) व्यक्तिगत सदस्यों का विधेयक
(c) धन विधेयक (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा विषय धन विधेयक के उपबन्ध में समिलित नहीं किया गया है?

(a) कर से सम्बन्धित उपबन्ध
(b) उधार (ऋण) लेने से संबंधित उपबंध
(c) संचित निधि तथा आकस्मिकता की अभिरक्षा से संबंधित उपबन्ध
(d) जुर्माने या अर्थदण्ड से सम्बन्धित उपबंध

**21.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 110 के अनुसार, धन विधेयक की परिभाषा में क्या सम्मिलित है?

(a) टैक्स लगाना, समाप्त करना व उसके विनियमन में प्रत्यावर्तन
(b) धन की उधारी का विनियमन करना
(c) भारत की संचित निधि के धन को विनियोग करना
(d) भारत की संचित निधि से खर्च का विवरण देना
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**22.** धन-विधेयक की परिभाषा में निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं आता है?

(a) भारत सरकार द्वारा दायित्व लिये गए किसी वित्तीय भार के संबंध में कानून में संशोधन
(b) भारत की संचित निधि में धन की अदायगी (भुगतान)
(c) अनुच्छेद 117 की अपेक्षाओं के अनुसार कोई वित्तीय विधेयक
(d) भारत की संचित निधि से धन का विनियोजन

**23.** कोई विधेयक 'धन विधेयक' है या नहीं इसका निर्णय कौन करता है?

(a) राष्ट्रपति (b) लोकसभा अध्यक्ष
(c) वित्त सचिव
(d) वित्त मंत्री

**24.** राज्यसभा को लोकसभा के समतुल्य शक्ति नहीं प्राप्त है-

(a) राष्ट्रपति के विरुद्ध महाभियोग चलाने में
(b) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने में
(c) धन विधेयक पारित करने में
(d) संविधान-संशोधन पारित करने में

**25.** निम्नलिखित में से किसे राज्य सभा में पहले पुर:स्थापित (पेश) नहीं किया जा सकता?

(a) संवैधानिक संशोधन
(b) CAG रिपोर्ट
(c) वार्षिक वित्तीय विवरण
(d) किसी राज्य की सीमाएँ बदलने के लिए विधेयक

**26.** निम्नलिखित में से कौन-सा विधेयक राज्यसभा में प्रथम बार प्रस्तावित नहीं किया जा सकता है?

(a) साधारण विधेयक
(b) संवैधानिक संशोधन विधेयक
(c) राज्य पुनर्गठन विधेयक
(d) धन विधेयक

**27.** धन विधेयक के विषय में प्रक्रिया के सही अनुक्रम को पहचानिए-

(a) अनुदान के लिए मतदान-लेखानुदान-कटौती प्रस्ताव-विनियोग विधेयक
(b) लेखानुदान-अनुदान के लिए मतदान-विनियोग विधेयक कटौती प्रस्ताव
(c) अनुदान के लिए मतदान-कटौती प्रस्ताव-लेखानुदान विनियोग विधेयक
(d) लेखानुदान-विनियोग विधेयक-अनुदान के लिए मतदान-कटौती प्रस्ताव

**28.** निम्न क्रियाविधियों में से कौन-सी ऐसे धन विधेयक को अंगीकार करा लेगी जो एक बार लोकसभा द्वारा पारित किया जा चुका हो किन्तु राज्यसभा द्वारा संशोधित किया गया हो-

(a) यह राष्ट्रपति को जायेगा

(b) लोकसभा की बैठक में भाग लेने वाले तथा मत देने वाले सदस्यों के 2/3 बहुमत से पारित करना होगा

(c) दोनों सदनों का संयुक्त अधिवेशन बुलाया जायेगा

(d) यह पारित समझा जायेगा यदि लोकसभा इसमें दोबारा संशोधन को स्वीकार अथवा अस्वीकार करते हुए पास कर दे

**29.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?

(a) धन-सम्पत्ति के मामले में राज्य सभा शक्तिहीन है

(b) धन-विधेयक की शुरुआत राज्यसभा में होती है

(c) लोकसभा द्वारा पारित किए जाने के बाद राज्यसभा को 14 दिनों के भीतर विधेयकों को पारित करना होता है

(d) राज्यसभा किसी धन-विधेयक को पारित कर सकती है अथवा कतिपय सिफारिशों के साथ उसे लोकसभा को लौटा सकती है

**30.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) धन-विधेयक राज्यसभा में प्रस्तुत होता है

(b) धन-विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत होता है

(c) यह संसद के किसी भी सदन में प्रस्तुत किया जा सकता है

(d) यह लोकसभा में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता

## ANSWER- KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **01.** | **(D)** | **02.** | **(B)** | **03.** | **(A)** | **04.** | **(D)** | **05.** | **(D)** |
| **06.** | **(B)** | **07.** | **(A)** | **08.** | **(A)** | **09.** | **(C)** | **10.** | **(D)** |
| **11.** | **(A)** | **12.** | **(B)** | **13.** | **(D)** | **14.** | **(A)** | **15.** | **(D)** |
| **16.** | **(A)** | **17.** | **(D)** | **18.** | **(A)** | **19.** | **(C)** | **20.** | **(D)** |
| **21.** | **(E)** | **22.** | **(C)** | **23.** | **(B)** | **24.** | **(C)** | **25.** | **(C)** |
| **26.** | **(D)** | **27.** | **(C)** | **28.** | **(D)** | **29.** | **(B)** | **30.** | **(D)** |

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC Mentorship
# History -MCQ (49)

1. निम्नलिखित में से किस एक को मौर्यपूर्व काल के सोलह 'महाजनपदों' में से सूचीबद्ध नहीं किया गया है?
(a) कुरु (b) वत्स
(c) गांधार (d) कलिंग

2. वर्तमान उत्तर प्रदेश में भारत के प्राचीनतम् सोलह महाजनपद में से कुल कितने महाजनपद स्थित थे?
(a) 06 (b) 07
(c) 08 (d) 09

3. सोलह महाजनपदों का उल्लेख है-
(a) महाभारत में (b) रामायण में
(c) अंगुत्तर निकाय में (d) ललित विस्तार में

4. प्राचीन भारतीय 'महाजनपदों' के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?
(a) सभी महाजनपद अल्पतंत्रीय थे, जहाँ शक्ति का प्रयोग लोगों के एक समूह द्वारा किया जाता था
(b) सभी महाजनपद पूर्वी भाग में अवस्थित थे
(c) महाजनपद कोई सेना नहीं रखते थे
(d) बौद्ध एवं जैन ग्रंथों में सोलह महाजनपदों को सूचीबद्ध किया गया है

5. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए।

| सूची-I (महाजनपद) | सूची-II (राजधानी) |
|---|---|
| A. मत्स्य | 1. मथुरा |
| B. कुरु | 2. पोतन |
| C. शूरसेन | 3. विराट नगर |
| D. अश्मक | 4. इन्द्रप्रस्थ |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

6. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?
(a) अंग - चम्पा
(b) कोशल - अहिच्छत्र
(c) वत्स - कौशाम्बी
(d) मत्स्य - विराटनगर

7. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-

| सूची-I (राज्य) | सूची-II (प्रमुख नगर) |
|---|---|
| A. अस्मक | 1. दन्तपुर |
| B. अवन्ति | 2. माहिष्मती |
| C. कलिंग | 3. पोतन |
| D. सौवीर | 4. रोरुक |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

8. महाभारत के अनुसार उत्तरी पांचाल की राजधानी स्थित थी-
(a) हस्तिनापुर में (b) इन्द्रप्रस्थ में
(c) अहिच्छत्र में (d) मथुरा में

9. किस आधुनिक अंचल से प्राचीन पांचाल की पहचान की जा सकती है-
(a) मेरठ (b) अवध
(c) बुन्देलखण्ड (d) रुहेलखण्ड

10. बुद्ध के सकालीन राजाओं को उनके राज्यों से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये :

| राजा | राज्य |
|---|---|
| A. प्रद्योत | 1. मगध |
| B. उदयन | 2. वत्स |
| C. प्रसेनजित | 3. अवन्ति |
| D. आजातशत्रु | 4. कोशल |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

11. निम्न में कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?
(a) पांचाल - रूहेलखण्ड, कन्नौज क्षेत्र
(b) गांधार - पेशावर, रावलपिण्डी क्षेत्र
(c) चेदि - बुन्देलखण्ड
(d) कुरु प्रदेश - हिमाचल प्रदेश

**12.** निम्नलिखित युगें में कौन सही सुमेलित नहीं है?

(a) शाक्य - कपिलवस्तु

(b) कोलिय - रामग्राम

(c) कालाम - अल्लकप्प

(d) मलल - कुशीनगर

**13.** काशी महाजनपद निम्न में से किसके लिए प्रसिद्ध था-

(a) सूती एवं रेशमी वस्त्र (b) इत्र-फुलेल

(c) मृण्मूर्ति कला (d) विशाल मंदिर

**14.** प्राचीन श्रावस्ती का नगर विन्यास किस आकृति का है?

(a) वृत्ताकार (b) अर्धचन्द्रकार

(c) त्रिभुजाकार (d) आयताकार

**15.** उदयन-वासवदत्ता की दन्तकथा संबंधित है-

(a) उज्जैन से (b) मथुरा से

(c) माहिष्मती से (d) कौशाम्बी से

**16.** उज्जैन का प्राचीनकाल में नाम क्या था?

(a) तक्षशिला (b) इंद्रप्रस्थ

(c) अवन्तिका (d) इनमें से कोई नहीं

**17.** निमनलिखित जनपदों में से छठी शताब्दी ई.पू. में कौन-सा गणराज्य था?

(a) कोशल (b) अंग

(c) गध (d) वज्जि

**18.** निनलिखित महाजनपदों में से, गण/संघ(अल्पतंत्र) को पहचानिए:

(a) मगध (b) वज्जि

(c) अवन्ती (d) कोसल

**19.** प्राचीन पुष्कलावती का समीकरण किसके साथ किया गया है?

(a) बल्ख (b) चारसद्धा

(c) हड्डा (d) सिरकप

**20.** प्राचीन भारत में अच्छे घोड़ों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान प्रसिद्ध था?

(a) कच्छ (b) कलिंग

(c) कम्बोज (d) कान्यकुब्ज

**21.** माहिष्मती नगर किस महाजनपद में स्थित था?

(a) अश्क (b) अवन्ति

(c) मत्स्य (d) वत्स

**22.** चण्ड-प्रद्योत किस प्राचीन गणराज्य के राजा थे?

(a) काशी (b) अंग

(c) अवंति (d) वज्जि

**23.** अश्क महाजनपद का प्रमुख नगर कौन था?

(a) दन्तपुर (b) महिष्मती

(c) पोतन (d) रोरुक

**24.** गोदावरी नदी के तट पर स्थित महाजनपद था-

(a) अवन्ति (b) वत्स

(c) अश्मक (d) कम्बोज

**25.** छठी शताब्दी ई.पू. का मत्स्य महाजनपद स्थित था:

(a) पश्चिमी उत्तर प्रदेश में

(b) राजस्थान में

(c) बुन्देलखण्ड में

(d) रूहेलखण्ड में

**26.** छठवीं शताब्दी ई.पू. शुक्तिमती राजधानी थी-

(a) पांचाल की (b) कुरु की

(c) चेदि की (d) अवन्ति की

**27.** चेदि जनपद की राजधानी क्या थी?

(a) सोत्थिवती नगर (b) कोसम

(c) त्रिपुरी (d) कोल्लग

**28.** प्राचीन नगर तक्षशिला निम्नलिखित में से किनके बीच स्थित था?

(a) सिंधु तथा झेलम

(b) झेलम तथा चेनाब

(c) चेनाव तथा रावी

(d) रावी तथा व्यास

**29.** तक्षशिला किसके लिए प्रसिद्ध था?

(a) विद्या और अध्ययन

(b) वाणिज्य और व्यापार

(c) कला और शिल्प

(d) इन सभी के लिये

**30.** प्राचीनतम भारतीय सिक्के निम्नांकित से पहले के नहीं है-

(a) सातवीं शताब्दी पूर्व

(b) पांचवीं शताब्दी पूर्व

(c) तृतीय शताब्दी पूर्व

(d) द्वितीय शताब्दी पूर्व

## ANSWER- KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (D) | 02. | (C) | 03. | (C) | 04. | (D) | 05. | (D) |
| 06. | (B) | 07. | (C) | 08. | (C) | 09. | (D) | 10. | (C) |
| 11. | (D) | 12. | (C) | 13. | (A) | 14. | (B) | 15. | (A) |
| 16. | (C) | 17. | (D) | 18. | (B) | 19. | (B) | 20. | (C) |
| 21. | (B) | 22. | (C) | 23. | (C) | 24. | (C) | 25. | (B) |
| 26. | (C) | 27. | (A) | 28. | (A) | 29. | (D) | 30. | (B) |

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC Mentorship
# Bihar

1. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार उत्तर बिहार की जलवायु किससे प्रदर्शित की जा सकती है?
   (a) Cwg (b) Aw
   (c) CAw (d) CBw
2. बिहार एक निर्धन राज्य है-
   (a) संसाधनों के अपर्याप्त होने के कारण
   (b) प्राकृतिक विपदाओं के कारण
   (c) जनसंख्या घनत्व के कारण
   (d) संसाधनों के अनुचित उपयोग के कारण
3. 'आम्रवर्षा' क्या है
   (a) आमों की वर्षा (b) शीतकालीन वर्षा
   (c) मानसूनी वर्षा
   (d) उत्तर-पूर्व बिहार में मानसून पूर्व वर्षा
4. बिहार में सबसे अधिक वर्षा कहाँ होती है?
   (a) पटना (b) गोपालगंज
   (c) किशनगंज (d) वैशाली
5. बिहार राज्य की औसत वार्षिक वर्षा है-
   (a) 100 सेमी. से कम (b) 50 सेमी. से 150 सेमी.
   (c) 200 सेमी. से अधिक
   (d) 100 सेमी. तथा 200 सेमी. के बीच
6. कोपेन की वर्गीकरण योजना के अनुसार उत्तर प्रदेश और बिहार किस प्रकार के जलवायु प्रदेश में आते हैं?
   (a) Cwg (b) Aw
   (c) Dfc (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
7. बिहार के किस कृषि-जलवायु क्षेत्र में सबसे अधिक जिले हैं?
   (a) उत्तर-पूर्व (b) उत्तर-पश्चिम
   (c) दक्षिण-पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
8. बिहार के निम्न जिलों में से किस जिले में ही पीडमोंट स्वैम्प मिट्टी पाई जाती हैं?
   (a) मधुबनी (b) भागलपुर
   (c) पश्चिमी चंपारण (d) सीतामढ़ी
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
9. पुरानी जलोढ़ मिट्टी का भंडार बिहार के निम्न में से किस क्षेत्र में पाई जाती है?
   (a) पटना और गया (b) पूर्णिया और गया
   (c) पूर्णिया और पटना
   (d) दरभंगा और पूर्णिया
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
10. बिहार का अधिकांश क्षेत्र आच्छादित है-
   (a) पहाड़ी मिट्टी से (b) कछारी मिट्टी से
   (c) रेगुर मिट्टी से (d) तराई मिट्टी से
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
11. मुजफ्फरपुर, दरभंगा तथा चंपारण जिलों में कौन-सी मिट्टी अधिकांशत: पाई जाती है?
   (a) काली मिट्टी (b) नवीन जलोढ़
   (c) प्राचीन जलोढ़ (d) लाल मिट्टी
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
12. गंगा के मैदान की पुरानी कछारी मिट्टी कहलाती है-
   (a) भाबर (b) बाँगर
   (c) खादर (d) खोण्डोलाइट
13. बिहार के अधिकांश भाग आच्छादित है-
   (a) पर्वतीय मिट्टी से (b) कछारी मिट्टी से
   (c) लैटेराइटिक मिट्टी से (d) काली मिट्टी से
14. बिहार का अधिकांश क्षेत्र आच्छादित है-
   (a) पहाड़ी मिट्टी से (b) कछारी मिट्टी से
   (c) रेगुर मिट्टी से (d) तराई मिट्टी से
15. गंगा के दक्षिणी भाग में पुरानी जलोढ़ मिट्टी को किस नाम से पुकारते हैं?
   (a) भांगर मिट्टी (b) लाल मिट्टी
   (c) बलथर मिट्टी (d) कटैल-कैवाल मिट्टी
16. बिहार में प्रवाहित होने वाली निम्न नदियों में से उत्तर की ओर प्रवाहित होने वाली कौन-सी नदी है?
   (a) बागमती (b) कमला
   (c) कोसी (d) गण्डक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
17. बिहार के निम्न प्रशासनिक विभागीय जोड़ों में से किस जोड़े से गंगा नदी नहीं बहती है?
   (a) दरभंगा-मुंगेर (b) पूर्णिया-भागलपुर
   (c) तिरहुत-सारण (d) कोसी-मगध
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
18. बिहार राज्य में गंगा के किनारे स्थित जिलों की संख्या है-
   (a) 21 (b) 17
   (c) 12 (d) 6
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**19.** बिहार के किस जिले में गंगा नदी सबसे लम्बी है?
(a) भागलपुर (b) कटिहार
(c) पटना (d) बेगूसराय

**20.** निम्नलिखित में से किस स्थान पर कोसी नदी गंगा नदी में मिलती है।
(a) कुर्सेला (b) वैशाली
(c) हाजीपुर (d) जमालपुर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी फतुहा के पास गंगा में मिलती है?
(a) सोन (b) पुनपुन
(c) सकरी (d) बालन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**22.** तेल नदी निम्नलिखित नदियों में से किसकी सहायक नदी है?
(a) बागमती (b) घाघरा
(c) गण्डक (d) कमला
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**23.** निम्नलिखित झीलों में से कौन-सी बिहार में स्थित है?
(a) अनुपम झील (b) सांभर झील
(c) सुखना झील (d) कामा झील

**24.** उत्तर बिहार किसके लिए प्रसिद्ध है?
(a) कृषि समृद्धि (b) भारी उद्योग
(c) बाढ़ (d) सूखा

**25.** नदियाँ जो बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच की सीमा रेखा बनाती हैं?
(a) बूढ़ी सोन और बाघमती
(b) बूढ़ी गण्डक, कोसी और गंगा
(c) कर्मनाशा, गण्डक और घाघरा
(d) उत्तरी कोयल, अजय और पुनपुन

**26.** निम्नलिखित नदियों में से कौन 'बिहार का शोक' (Sorrow of Bihar) के रूप में कुख्यात है?
(a) गंडक (b) सोन
(c) कोसी (d) गंगा

**27.** सोन, नर्मदा तथा महानदी निकलती हैं-
(a) पलामू पहाड़ से (b) अमरकंटक से
(c) पूर्वी घाट से (d) अरावली से

**28.** निम्नलिखित नदियों में से कौन बिहार में गंगा से मिलती है?
1. गण्डक 2. सोन
3. घाघरा 4. पुनपुन
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 2, 4
(c) 1, 3, 4 (d) 2, 4

**29.** 'ककोलत' जलप्रपात बिहार के किस जिले में स्थित है?
(a) पटना (b) मुंगेर
(c) नवादा (d) गया

**30.** 'बिहार का शोक' किस नदी को कहा जाता है?
(a) गंडक (b) बागमती
(c) कमला (d) कोसी

**31.** बिहार में गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी है-
(a) गंडक (b) बागमती
(c) कमला (d) कोसी

**32.** बिहार में प्रति व्यक्ति खेती योग्य भूमि है-
(a) 0.10 हेक्टेयर (b) 0.14 हेक्टेयर
(c) 0.12 हेक्टेयर (d) 0.08 हेक्टेयर

**33.** बिहार में पूर्व से पश्चिम की ओर नदियों का सही क्रम है-
(a) कोसी, कमला, बागमती, बूढ़ी गंडक
(b) बूढ़ी गंडक, बागमती, कला, कोसी
(c) बागमती, बूढ़ी गंडक, कोसी, कमला
(d) कमला, कोसी, बूढ़ी गंडक, बागमती

**34.** किस नदी को 'बिहार का शोक' कहा जाता है?
(a) सोन (b) कोसी
(c) पुनपुन (d) कर्मनाशा

**35.** बिहार की प्रमुख नदी है-
(a) गंगा (b) नर्मदा
(c) गोदावरी (d) कृष्णा

**36.** गंडक सहायक नदी है-
(a) बूढ़ी गंडक की (b) गंगा की
(c) कोशी की (d) सोन की

**37.** कौन-सी नदी बिहार में बहती है?
(a) ब्रह्मपुत्र (b) ताप्ती
(c) गंगा (d) गोदावरी

**38.** कौन-सी नदी बिहार में नहीं है?
(a) पुनपुन (b) स्वर्णरेखा
(c) शिप्रा (d) बराकर

**39.** निम्नलिखित में से कौन गंगा की सहायक नदी नहीं है?
(a) सोन (b) गंडक
(c) स्वर्णरेखा (d) कोशी

**40.** बिहार में बहने वाली पवित्र नदी फल्गू निम्नलिखित में से किस नदियों के संगम से बनती है?
(a) लीलाजन और सोन नदी
(b) सोन और मोहाना नदी
(c) मोहाना और लीलाजन नदी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## ANSWER- KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (A) | 02. | (B) | 03. | (D) | 04. | (C) | 05. | (C) |
| 06. | (A) | 07. | (B) | 08. | (C) | 09. | (A) | 10. | (B) |
| 11. | (B) | 12. | (B) | 13. | (B) | 14. | (B) | 15. | (D) |
| 16. | (E) | 17. | (D) | 18. | (C) | 19. | (C) | 20. | (A) |
| 21. | (B) | 22. | (E) | 23. | (A) | 24. | (C) | 25. | (C) |
| 26. | (C) | 27. | (B) | 28. | (B) | 29. | (C) | 30. | (D) |
| 31. | (D) | 32. | (C) | 33. | (A) | 34. | (B) | 35. | (A) |
| 36. | (B) | 37. | (C) | 38. | (C) | 39. | (C) | 40. | (C) |

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform @KHAN SIR

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC Mentorship
# Current Affairs - MCQ (49)

1. 'भारत की पहली सोलर सिटी कौन सी बनेगी?
(a) साँची (मध्य प्रदेश) (b) गुवाहाटी (असम)
(c) त्रिशूर(केरल) (d) आइजोल (मिजोरम)

2. विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'रामसर स्थ्लों के संरक्षण के लिए' किस योजना को शुरू किया है?
(a) अमृत धरोहर योजना (b) अमृत भारत योजना
(c) उज्ज्वल भारत योजना (d) मिष्टी योजना

3. भारत के पहले 'कार्बन न्यूट्रल गांव' के रूप में किस गाँव को विकसित किया जाएगा?
(a) कोयंबटूर (b) फरीदाबाद
(c) जमशेदपुर (d) भिवंडी तालुका

4. विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के समुद्र तट पर मैंग्रोव वृक्षारोपण की सुविधा प्रदान करने के लिए किस योजना को शुरू किया है?
(a) वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम (b) अमृत धरोहर योजना
(c) सुकन्या समृद्धि योजना (d) मिष्टी योजना

5. 2023 में NATO के 'आर्कटिक चैलेंज सैन्य अभ्यास' मेजबानी किस देश ने की है?
(a) अमेरिका (b) ब्रिटेन
(c) नॉर्वे (d) फिनलैंड

6. 2023 में संयुक्त 'राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) की अंतर-सरकारी वार्ता समिति (INC-2) का दूसरा सत्र कहाँ आयोजित हुआ है?
(a) दिल्ली (b) पेरिस
(c) लंदन (d) बीजिंग

7. 'पर्वतारोहण कोर्स' को पूरा करने वाली भारत की पहली महिला NCC कैडेट कौन बनी है?
(a) जान्ह्वी (b) सुरेखा यादव
(c) शालिजा धामी (d) शालिनी सिंह

8. 'महिला कबड्डी लीग 2023 का पहला संस्करण कहाँ आयोजित हुआ है?
(a) बीजिंग (b) दुबई
(c) टोक्यो (d) पेरिस

9. किस देश में भारतीय उच्चायोग के भारतीय सांस्कृतिक केंन्द्र में 1971 की 'लिबरेशन वॉर गैलरी' का उद्घाटन किया गया है?
(a) बांग्लादेश (b) मॉरिशस
(c) डेनमार्क (d) वियतनाम

10. 2023 में यूरो में गिरावट के कारण दुनिया की किस चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में मंदी की शुरूआत हो गई है?
(a) जर्मनी (b) चीन
(c) इटली (d) ब्रिटेन

11. RBI के गवर्नर 'शक्तिकांत दास' ने वित्तीय समावेशन की प्रगति का आकलन करने के लिए किस नाम से एक वित्तती समावेशन डैशबोर्ड लॉन्च किया है?
(a) बैंक क्लिनिक (b) अंतरदृष्टि
(c) समृद्धि (d) अमृत कलश

12. पहली 'इंडियन प्रीमियर हैंडबॉल लीग 2023' कहाँ आयोजित हुई है?
(a) हैदराबाद (b) शिलांग
(c) जयपुर (d) गुवाहाटी

13. जून 2023 में किस सरकारी स्वामित्व वाले बैंक ने 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया' में अपने स्वामित्व का एक हिस्सा बेचने की घोषणा की है?
(a) पंजाब नेशनल बैंक (b) भारतीय स्टेट बैंक
(c) बैंक ऑफ बड़ौदा (d) बैंक ऑफ महाराष्ट्र

14. 'ज्लाटनप इब्राहिमोविच0' ने फुटबॉल से सन्यास की घोषणा की हे, यह किस देश से संबंधित है?
(a) ब्राजील (b) पोलैंड
(c) जर्मनी (d) स्वीडन

15. रिटेल कंपनी ऐस टर्टल ओमनी प्राइवेट लिमिडेड ने अपने 'रैंगलर ब्रांड' की नई ब्रांड एंबेसडर के रूप में किसे नियुक्त किया है?
(a) स्मृति मंधाना (b) मिताली राज
(c) विद्या बालन (d) मनिका बत्रा

16. भारत के सुदूर क्षेत्रों में बीमा की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण ने किस योजना को शुरू किया है?
(a) सुरक्षा बीमा योजना
(b) बीमा वाहक योजना
(c) इंद्रधनुष योजना
(d) युवा पेशेवर योजना

17. जून 2023 में दक्षिण पूर्व अरब सागर के ऊपर बने 'बिपरजॉय साइक्लोन' का नाम किस देश ने रखा है?
(a) तुर्कमेनिस्तान (b) बांग्लादेश
(c) इंडोनेशिया (d) सऊदी अरब

**18.** 2023 में किस देश ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने सर्वोच्च्य सम्मान 'ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द येलो स्टार' से स्मानित किया है?
(a) सूरीनाम (b) आर्मीनिया
(c) न्यूजीलैंड (d) सिंगापुर

**19.** मीडिया कंपनी द 'हिन्दू ग्रुप पब्लिशिंग प्राइवेट लिमिटेड' की नई अध्यक्ष कोन बनी है?
(a) शेफाली जुनेजा (b) अपूर्वा श्रीवास्तव
(c) अनुप्रिया पटेल (d) निर्मला लक्ष्मण

**20.** '5वें राज्य खाद्य सूचकांक 2023' में बड़े राज्यों की सूची में कौन सा राज्य शीर्ष स्थान पर रहा है?
(a) मध्य प्रदेश (b) केरल
(c) झारखंड (d) तेलंगाना

**21.** उभरती प्रौद्यौगिकियों की पहचान करने के लिए 'विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय' ने वर्ष 2023 में किस राष्ट्रीय मिशन को शुरू किया है?
(a) RE-HAB (b) MITRA
(c) MAHIR (d) MISHTI

**22.** 'विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2023 कब मनाया गया है?
(a) 7 जून (b) 6 जून
(c) 8 जून (d) 5 जून

**23.** आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों को मुफ्त इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए किस राज्य ने 'K-FON परियोजना' शुरू की है?
(a) असम (b) पंजाब
(c) गोवा (d) केरल

**24.** बैडमिंटन टूर्नामेंट 'थाइलैंड ओपन 2023' में पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?
(a) कुनलावुत (b) विक्टर एक्सेलसन
(c) मोहम्मद एहसान (d) सात्विक साईराज रेड्डी

**25.** ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021-2023' का फाइनल मैच किन दो टोमों के बीच आयोजित हुआ है?
(a) पाकिस्तान और श्रीलंका (b) ऑस्ट्रेलिया और भारत
(c) न्यूजीलैंड ओर बांग्लादेश (d) दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड

**26.** भारत के पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रूज पोत 'एमवी एम्प्रेस' ने चेन्नई से किस देश के बीच अपनी पहली क्रूज सेवा प्रारंभ की है?
(a) सिंगापुर (b) जापान
(c) श्रीलंका (d) इंडोनिशिया

**27.** पुरानी इमारतों के पुनर्विकास के लिए किस राज्य ने 'क्लस्टर पुनर्विकास कार्यक्रम' शुरू किया है?
(a) तेलंगाना (b) महाराष्ट्र
(c) केरल (d) आंध्र प्रदेश

**28.** 'एकथा नौसेनिक अभ्यास' किन दो देशों के बीच अयोजित हुआ है?
(a) श्रीलंका और भारत (b) मालदीव और चीन
(c) भारत और नेपाल (d) भारत और मालदीव

**29.** पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा प्रकाशित 'Nalanda' नाम पुस्तक के लेखक कौन है?
(a) अमृता प्रीतम (b) अभय के
(c) मोहित सूरी (d) रजत शर्मा

**30.** भारत में 'यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन' का क्षेत्रीय कार्यालय कहाँ स्थापित किया जाएगा?
(a) कोलकाता (b) हैदराबाद
(c) नई दिल्ली (d) गांधीनगर

**31.** हाल ही में, बिहार के किस जिले में, डोर-टू-डोर पार्सल प्रोडक्ट, योजना शुरू कि गई हैं?
(a) पटना (b) दरभंगा
(c) मुजफ्फरपुर (d) भागलपुर

**32.** हाल ही में, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिहार के सि जिलें के दो रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जाएगा?
(a) पटना (b) समस्तीपुर
(c) बेगूसराय (d) भागलपुर

**33.** हाल ही में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बिहार के किस थाना को वर्ष 2022 के लिये देश के शीर्ष तीन थानों में चुना है?
(a) मुजफ्फरपुर महिला थाना (b) गया महिला थाना
(c) अरवल महिला थाना (d) बक्सर महिला थाना

**34.** केन्द्र सरकार के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत बिहार के कितने प्रखंडों को शामिल किया गया है?
(a) 10 प्रखंड (b) 25 प्रखंड
(c) 40 प्रखंड (d) 61 प्रखंड

**35.** हाल ही में, किस पूर्व केंद्रीय मंत्री और जनता दल के नेता का 75 वर्ष की आयु में निधन हुआ है?
(a) जसवंत सिंह (b) शरद यादव
(c) विष्णु चरण सेठी (d) आर्यदान मोहम्मद

**36.** हाल ही में किसे बिहार का नया महाधिवक्ता बनाया गया है?
(a) विनोद राय (b) प्रशांत कुमार शाही
(c) प्रभात कुमार सिंह (d) संजय करोल

**37.** हाल ही में केन्द्रीय खान एवं कोयला मंत्रालय ने बिहार में विभिन्न खजिजों के खननप के लिए कितने खान ब्लॉकों का आवंटन किया है?
(a) 7 (b) 9
(c) 17 (d) 3

**38.** हाल ही में बिहार राज्य सरकार ने किस पूर्व डीजीपी को केन्द्रीय चयन परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया है?
(a) के. एस. द्विवेदी (b) एस. के. सिंघल
(c) अनिल कुमार अग्रवाल (d) देवेन्द्र कुमार चौहान

**39.** बिहार सरकार द्वारा उत्तर कोयल नहर का निर्माण किया जाएगा, इस नहर के निर्माण के लिए कितने करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं?
(a) 1364 करोड़ (b) 1500 करोड़
(c) 1675 करोड़ (d) 2150 करोड़

**40.** ऐन्युअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (असर) 2022 के अनुसार, बिहार के कक्षा 5 के बच्चों में अंग्रेजी पढ़ने की क्षमता में वर्ष 2016 से 2022 के बीच कितनी प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है?
(a) 3 प्रतिशत (b) 5 प्रतिशत
(c) 8 प्रतिशत (d) 10 प्रतिशत

**41.** हाल ही में किस राज्य सरकार ने नोटिस जारी किया है, कि पी. जी छात्राओं को मैटरनिटी लिव के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी?
(a) झारखंड (b) बिहार
(c) उत्तर प्रदेश (d) मध्य प्रदेश

**42.** जैविक विधि से लीची की खेती करने वाले कितने किसानों को जिला उद्योग केन्द्र द्वारा जिओ से जोड़ा जाएगा?
(a) 100 (b) 200
(c) 250 (d) 50

**43.** हाल ही में बिहार के किस विश्वविद्यालय के छात्र जाबिर अंसारी ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है?
(a) मगध विश्वविद्यालय (b) नालन्दा विश्वविद्यालय
(c) पटना विश्वविद्यालय (d) भागलपुर विश्वविद्यालय

**44.** हाल ही में किसने बिहार जाति आधारित सर्वेक्षण का पोर्टल लॉन्च किया है?
(a) रवीन्द्र शंकरण (b) नीतीश कुमार
(c) आमिर सुबहानी (d) तेजस्वी यादव

**45.** बिहार के किस जिले में राज्य का पहला सेल्फ मूट एंड डिजिटल कोर्ट बनया गया है?
(a) पटना (b) भागलपुर
(c) मुंगेर (d) किशनगंज

**46.** हाल ही में, किस राज्य के पुलिस के दो जवानों को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक और 17 को सराहनीय पुलिस पदक मिला है?
(a) ओडिशा (b) उत्तर प्रदेश
(c) बिहार (d) झारखंड

**47.** हाल ही में, बिहार के कितने विभूतियों को पद्म श्री सम्मान के लिये चयनित किया गया है?
(a) दो (b) तीन
(c) पांच (d) आठ

**48.** हाल ही में, इसरो के नाइट टाइम लाइट एटलस में कौन-सा राज्य अव्वल बना हैं?
(a) उत्तर प्रदेश (b) केरल
(c) मध्य प्रदेश (d) बिहार

**49.** मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर में प्रीपेड स्मार्ट मीटर पहुंचाने का लक्ष्य कब तक का रखा हैं?
(a) 2025 (b) 2026
(c) 2028 (d) 2030

**50.** हाल ही में, 17वां अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक जाप समारोह आयोजित किया गया, इस समारोह के मुख्य अतिथि कौन थे?
(a) द्रौपदी मुर्मू
(b) नरेन्द्र मोदी
(c) रामनाथ कोविंद
(d) मनमोहन सिंह

## ANSWER- KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (a) | 02. | (a) | 03. | (d) | 04. | (d) | 05. | (d) |
| 06. | (b) | 07. | (d) | 08. | (b) | 09. | (a) | 10. | (a) |
| 11. | (b) | 12. | (c) | 13. | (c) | 14. | (d) | 15. | (a) |
| 16. | (b) | 17. | (b) | 18. | (a) | 19. | (d) | 20. | (b) |
| 21. | (c) | 22. | (a) | 23. | (d) | 24. | (a) | 25. | (b) |
| 26. | (c) | 27. | (b) | 28. | (d) | 29. | (b) | 30. | (c) |
| 31. | (a) | 32. | (b) | 33. | (c) | 34. | (d) | 35. | (b) |
| 36. | (b) | 37. | (a) | 38. | (b) | 39. | (a) | 40. | (a) |
| 41. | (b) | 42. | (b) | 43. | (c) | 44. | (c) | 45. | (b) |
| 46. | (c) | 47. | (b) | 48. | (d) | 49. | (a) | 50. | (c) |

Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

BPSC - Mentorship
Current Affairs Capsule-49

## कला और संस्कृति

### इदु मिश्मिस

नए संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा संसद भवन में ऐतिहासिक और पवित्र "सेंगोल" स्थापित किया गया द्य

**सेंगोल का परिचय:**

❖ सेंगोल नाम तमिल शब्द "सेम्मई" से लिया गया है, जिसका अर्थ धार्मिकता है।

❖ सेंगोल ऐतिहासिक रूप से तमिलनाडु के चोल राजवंश के दौरान एक राजा से दूसरे राजा को सत्ता सौंपने के राजदंड के प्रतीक के रूप में उपयोग किया जाता था।

❖ आधुनिक समय में इस राजदंड को पहली बार है अंग्रेजों द्वारा भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू को 1947 में सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के रूप में दिया गया था।

❖ नेहरु को सौंपे गए सेंगोले की लंबाई पांच फीट है और शीर्ष पर एक 'नंदी' बैल है, जो न्याय का प्रतीक है।

### पुष्करालु महोत्सव

तेलुगु भाषी लोगों की पुष्करालु उत्सव का शुभारम्भ 22 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में हुआ।

**पुष्करालु महोत्सव का परिचय :**

❖ ग्रहों के गोचर के विशेष योग के कारण 12 वर्ष के अंतराल के बाद काशी (वाराणसी) में पुष्करालु उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

❖ पुष्करालु के संबंध एक पौराणिक कथा के अनुसार, भक्त पुष्कर को भगवान शिव द्वारा पानी में रहने और पवित्र नदियों को शुद्ध करने का आशीर्वाद दिया गया था ।

❖ बृहस्पति देव के एक अनुरोध पर, पुष्कर ने 12 पवित्र नदियों - गंगा, यमुना, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी, भीमा, ताप्ती, नर्मदा, सरस्वती, तुंगभद्रा, सिंधु और प्राणिता में से एक में प्रवेश करने का फैसला किया।

❖ हर नदी की अपनी राशि होती है। प्रत्येक वर्ष के महोत्सव के लिए नदी का निर्धारण बृहस्पति ग्रह की एक राशि से दूसरी राशि में यात्रा (गोचर) के अनुसार किया जाता है।

### जफर महल

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा दिल्ली के महरौली में स्थित जफर महल के संरक्षण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया ।

**जफर महल का ऐतिहासिक पहलू :**

❖ जफर महल का निर्माण मुगल शासक अकबर शाह द्वितीय द्वारा 1820 में कराया गया था और इस महल का विस्तार बहादुर शाह जफर द्वारा 1848 में किया गया । यह महल मुगल परिवार के लिए एक आश्रय स्थल के रूप में कार्य करता था और यह सूफी संत ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी को समर्पित है।

❖ इसमें एक महल और एक प्रवेश द्वार है जिसे हाथी गेट कहा जाता है।

❖ यह महल बहादुर शाह जफर के दफन स्थान या स्मारक के रूप में महत्व रखता है। हालांकि उनकी कब्र खाली है और उनके मारे गए बेटों और पोते का ठिकाना अज्ञात है।

### थिरुनेली मंदिर

इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (INTACH) ने सरकार से केरल के थिरुनेली में श्री महाविष्णु मंदिर में 600 साल पुराने 'विलक्कुमाडोम' के संरक्षण का आग्रह किया है।

**विलक्कुमाडोम का ऐतिहासिक पहलु :**

❖ उत्तम ग्रेनाइट से बनी 600 साल पुरानी विलक्कुमादोम संरचना, केरल के वायनाड जिले के थिरुनेली में श्री महाविष्णु मंदिर में स्थित है।

❖ ऐसा कहा जाता है कि कूर्ग के राजा ने मंदिर के संरक्षक कोट्टायम राजा की अनुमति के बिना काम शुरू किया था।

❖ बाद में, कोट्टायम राजा ने निर्माण कार्य का आदेश दिया उसके बाद से यह संरचना बाद में अछूती रही।

**थिरुनेली मंदिर का धार्मिक पक्ष :**

❖ यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है और इसे सहयामाला क्षेत्रम के नाम से भी जाना जाता है।

❖ यह केरल के वायनाड जिले में स्थित है ।

❖ **वास्तुकला:** थिरुनेली मंदिर की वास्तुकला पारंपरिक केरल शैली का अनुसरण करती है।

**इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (INTACH)**

❖ **INTACH** की स्थापना **1984 में नई दिल्ली** में, भारत में विरासतों को संरक्षित करने एवं उनके प्रति जनजागरूकता पैदा करने के लिए की गयी थी । इसे देश भर में 190 से अधिक शाखाओं के साथ दुनिया के सबसे बड़े विरासत संगठनों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त है।

❖ इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

## शांतिनिकेतन

नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर से जुड़े शांतिनिकेतन को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल करने की सिफारिश की गई है।

❖ यह सिफारिश इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स (ICOMOS) द्वारा की गई है जो कि यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सेंटर की सलाहकारी संस्था है द्य यह सिफारिश भारत सरकार द्वारा भेजी गई एक फाइल पर आधारित है।

**शांतिनिकेतन के बारे में:**

❖ वर्तमान में शांतिनिकेतन को एक विश्वविद्यालय शहर के रूप में जाना जाता है । यह कोलकाता के उत्तर में सौ मील की दूरी पर स्थित है और यह मूल रूप से देवेंद्रनाथ टैगोर द्वारा निर्मित एक आश्रम था।

❖ हालांकि शांति निकेतन एक विशाल क्षेत्र में फैला हुआ एक विश्वविद्यालय शहर है जिसमें संपूर्ण विश्व भारती परिसर शामिल है, लेकिन यूनेस्को के विश्व विरासत सूची में केवल मुख्य आश्रम क्षेत्र के शामिल होने की सम्भावना है ।

❖ शांतिनिकेतन को एकमात्र जीवित विरासत विश्वविद्यालय के रूप में नामित किया गया है, जहां अभी भी पेड़ के नीचे खुली हवा में कक्षाएं आयोजित की जाती हैं।

**यूनेस्को की विश्व विरासत सूची:**

❖ विश्व विरासत स्थल वे स्थल होते है जो संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की विश्व विरास सूची में शामिल होते है ।

❖ विश्व सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण से संबंधित कन्वेंशन के के अनुसार विरासत स्थलों को "उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य" के रूप में नामित किया गया है।

❖ यह दस्तावेज 1972 में यूनेस्को द्वारा अपनाया गया था और औपचारिक रूप से 20 देशों द्वारा अनुसमर्थित होने के बाद 1975 में प्रभावी हुआ।

❖ यह दुनिया भर में सांस्कृतिक खजाने और प्राकृतिक क्षेत्रों के संरक्षण और सुरक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है।

## अतिरिक्त जानकारी

**ICOMOS**

❖ इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स **(ICOMOS)** एक गैर–सरकारी संगठन है जो विश्व विरासत समिति को विश्व विरासत सूची में शिलालेख के लिए प्रस्तावित सांस्कृतिक मूल्यों के साथ संपत्तियों का मूल्यांकन प्रदान करता है।

❖ यह तुलनात्मक अध्ययन भी करता है तथा तकनीकी सहायता प्रदान करता है साथ ही साथ उत्कीर्ण संपत्तियों के संरक्षण की स्थिति पर रिपोर्ट करता है।

## कच्छ हड़प्पा कब्रिस्तान

गुजरात के कच्छ के एक गांव खेतिया में 16 हेक्टेयर में फैले एक कब्रिस्तान की खुदाई में पूर्व - नगरीय हड़प्पा काल की सबसे बड़ी कब्रिस्तान को खोजा गया है।

❖ 2018 से, पुरातत्वविदों की एक बहु–अनुशासनात्मक अंतरराष्ट्रीय टीम ने यहां 500 कब्रों की खोज की है और उनमें से 197 की खुदाई की है।

**अवलोकन :**

❖ **उत्खनन के निष्कर्ष:** एक सीप की चूड़ी, मिट्टी के बर्तन के टुकड़े, पत्थर के ब्लेड, यहां तक कि मानव कंकाल के अवशेष भी मिले है।

❖ यह स्थापित हो गया है कि कब्रिस्तान, जिसे 5,000 वर्ष पुराना माना जाता है, हड़प्पा सभ्यता के पूर्व नगरीयश चरण से संबंधित था।

❖ शोधकर्ता यह देखने के लिए साक्ष्यों की तलाश कर रहे हैं कि क्या कब्रिस्तान ( सबसे बड़ा ऐसा कब्रिस्तान) आसपास के क्षेत्र में एक बड़ी मानव बस्ती के लिए उपयोगी हो सकता था या यदि यह छोटी बस्तियों के समूह के लिए एक सामान्य सुविधा थी। अंत्येष्टि स्थल की स्थिति इसकी पूर्व नगरीय हड़प्पा स्थिति के अनुरूप हैं।

❖ **खटिया पहेली:** अभी तक यह जवाब नहीं दिया जा सका है कि वे लोग कौन हैं जिनके अवशेष इन कब्रों में दफनाए गए थे और वे कहाँ से आए थे।

❖ पूर्व–नगरीय हड़प्पा कब्रिस्तान मौजूदगी से ऐसी संभावना जतायी जाती है कि या तो खटिया में एक बड़ी बस्ती थी या खटिया के आसपास छोटी बस्तियां थीं और कब्रिस्तान उनके लिए एक सामान्य कब्रिस्तान था।

**हड़प्पा सभ्यता के चरण:**

❖ हड़प्पा सभ्यता दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है इसके बारे में कहा जाता है कि यह लगभग 5,000 ईसा पूर्व से 1,000 ईसा पूर्व तक सिंधु नदी के किनारे फली फूली थी ।

❖ **पूर्व-शहरी हड़प्पा चरण:** 5,000 ईसा पूर्व से 2,600 ईसा पूर्व के बीच

❖ **शहरी हड़प्पा चरण:** 2,600 ईसा पूर्व और 1,900 ईसा पूर्व के बीच

❖ **उत्तर-शहरी हड़प्पा चरण:** 1,900 ईसा पूर्व से 1,000 ईसा पूर्व के बीच। यहीं से सभ्यता का पतन होता है।

## हेमिस मठ

**जी-20** के पूर्ववर्ती बैठक के एक भाग के रूप में 30 देशों के 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने हेमिस और थिकसे मठों का दौरा किया।

**हेमिस मठ**

❖ यह लद्दाख में स्थित एक बौद्ध मठ है।

❖ यह सिंधु नदी के पश्चिमी तट पर स्थित है।

❖ यह बौद्ध धर्म के रेड हैट संप्रदाय या द्रुक्पा वंश से संबंधित है।

❖ मठ अपने 2 दिवसीय धार्मिक समारोह के लिए प्रसिद्ध है जिसे हेमिस महोत्सव के रूप में जाना जाता है।

**थिकसे मठ**

- यह लद्दाख के थिकसे में स्थित है।
- मठ तिब्बती बौद्ध धर्म के गेलुग्पा संप्रदाय या येलो हैट संप्रदाय से संबद्ध है
- मठ ल्हासा, तिब्बत में पोटाला महल के समान दिखने और इसके वार्षिक गुस्टर महोत्सव के लिए उल्लेखनीय है
- मैत्रेय मंदिर मठ में सबसे लोकप्रिय आकर्षणों में से एक है।
- मंदिर में मैत्रेय बुद्ध (भविष्य के बुद्ध) की एक ऊंची मूर्ति है।

## चन्नापटना खिलौना

- चन्नापटना के खिलौना निर्माताओं का कहना है कि चीन से खिलौनों के आयात पर सरकार की रोक से उन्हें मुनाफा बढ़ाने में मदद मिली है.

**चन्नापटना खिलौने का परिचय :**

- चन्नापटना खिलौने कर्नाटक के चन्नापटना शहर में बनाए जाते है । इन लकड़ी के खिलौने और गुड़िया की बनावट अद्‌भुत होती है । खिलौनों के निर्माण के कारण चन्नापटना को गोम्बेगला ऊरू **( खिलौना शहर )** भी कहा जाता है।

**विशेषताएं:**

- इनमें से अधिकतर खिलौने हस्तनिर्मित हैं।
- सब्जियों और पौधों और प्राकृतिक रंगों से निकाले गए कार्बनिक रंगों से चित्रित चन्नापटना खिलौने को 100% रसायन मुक्त रखा जाता हैं।
- परंपरागत रूप से ज्यादातर खिलौने आइवरी वुड से बने होते हैं। हालाँकि, आजकल चंदन और आम की लकड़ी का भी उपयोग किया जाता है।
- उनके आकार ज्यादातर गोल और कुंद किनारों वाले घन होते हैं, इसलिए वे बच्चों के लिए पूरी तरह से सुरक्षित हैं।
- चन्नापटना खिलौने को 2005 में भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग मिला था।

## गोविंद स्वरूप लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

- प्रो. जयंत विष्णु नार्लीकर को भारत का पहला एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी गोविंद स्वरूप लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला। गोविंद स्वरूप लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड का परिचय :
- वर्ष 2022 में एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (एएसआई) ने भारत में खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भारतीय खगोलविदों को मान्यता देने के लिए गोविंद स्वरूप लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार की स्थापना की।
- पुरस्कार का नाम प्रो गोविंद स्वरूप (1929-2020) के सम्मान में रखा गया है।
- प्रो. स्वरूप को व्यापक रूप से भारतीय रेडियो खगोल विज्ञान का संस्थापक माना जाता है।
- उन्होंने ऊटी रेडियो टेलीस्कोप (ओआरटी) और जायंट मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप (जीएमआरटी) के निर्माण की कल्पना की और उसका नेतृत्व किया।

# चर्चित स्थल

## यानोमामी क्षेत्र

- हाल ही में ब्राजील सरकार ने ब्राजील के सबसे बड़े जनजातीय क्षेत्र यानोमामी में अवैध खनिकों के निष्कासन को तेज कर दिया

**यानोमामी क्षेत्रः**

- यानोमामी क्षेत्र ब्राजील के अमेजन वर्षावन के उत्तर-पश्चिम में रोराइमा और अमेजनस राज्यों में फैला हुआ है। यह क्षेत्र दशकों से अवैध सोने के खनिकों के लिए आकर्षण का विषय रहा है। ये खनिक पहली बार 1980 के दशक में वहां पहुंचे द्य इसके बाद यानोमामी समुदाय के 20 प्रतिशत लोगों की मृत्यु हो गई ।
- वर्तमान में इस क्षेत्र में केवल 30,000 यानोमामी जनजाति बची हुई है । अधिकांश लोग लोग हिंसा, बीमारियों के प्रसार और पर्यावरण को नुकसान के कारण हताहत हो गए ।

## नागोर्नो कारबाख

- हाल ही में अजरबैजान ने लाचिन कॉरिडोर की शुरुआत में एक चेकपॉइंट स्थापित किया, जो आर्मेनिया को नागोर्नो काराबाख से जोड़ने वाला एकमात्र भूमि मार्ग है द्य इस घटना के बाद अजेरी और अर्मेनियाई दोनों सेनाओं के मध्य तनाव पैदा हो गया द्वारा।

**नागोर्नो काराबाखः**

- नागोर्नो काराबाख क्षेत्र को अर्मेनियाई लोगों द्वारा आर्ट्सख के रूप में जाना जाता है द्य दक्षिण काकेशस में एक स्थलरुद्ध पहाड़ी क्षेत्र है।
- 1917 में रूसी साम्राज्य के पतन के बाद अजरबैजान और अर्मेनिया दोनों ने इस पर दावा किया और तब से तनाव का एक बिंदु बना हुआ है।
- यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल समृद्ध अजरबैजान के हिस्से के रूप में मान्यता प्राप्त है, लेकिन इसके निवासी मुख्य रूप से अर्मेनियाई हैं।

## पापुआ न्यू गिनी

- पापुआ न्यू गिनी ने प्रशांत द्वीप देशों में एकता स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लिए भारत के प्रधान मंत्री को कम्पैनियन ऑफ दी आर्डर ऑफ लोगोहु सम्मान से सम्मानित किया ।

**पापुआ न्यू गिनीः**

- पापुआ न्यू गिनी, दक्षिण पश्चिमी प्रशांत महासागर में एक द्वीप देश
- इसमें न्यू गिनी का पूर्वी भाग शामिल है।
- यह भूमध्य रेखा के दक्षिण से टोरेस जलडमरूमध्य तक फैला है।
- इसकी राजधानी पोर्ट मोरेस्बी है

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

**BPSC - Mentorship**
**SAMPADKIYE**

## यह रणनीतिक-आर्थिक ब्लॉक केवल अवरोध पैदा करेगा

**संदर्भः**

भारत अमेरिका द्वारा संचालित इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी (IPEF) में शामिल हो रहा है। इसलिए, इसकी तुलना क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP) से करने पर प्रश्न उठ रहे हैं, जिससे नवंबर 2019 में भारत बाहर हो गया था।

**इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी (IPEF) के बारे में:**

- यह अमेरिकी नेतृत्व वाला आर्थिक समूह है जिसकी वैश्विक ळक्च में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। जो सदस्य देशों में लचीलापन, आर्थिक विकास, प्रतिस्पर्धा और निष्पक्षता को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव करता है।
- हालाँकि, कुछ विश्लेषक इसे क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए एक कदम के रूप में देख रहे हैं।
- भागीदार देशः ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, भारत, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम और संयुक्त राज्य अमेरिका ।
- इसके लॉन्च के कुछ दिनों के भीतर, फिजी के इस पहल में शामिल होने के साथ, IPEF ने प्रशांत द्वीपीय राज्यों में अपनी सदस्यता का विस्तार किया। इस पहल में शामिल होने के साथ, PEF ने प्रशांत द्वीपीय

**स्तंभः**

- IPEF के चार स्तंभ हैं: व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था ।
- भारत अन्य तीन स्तंभों में शामिल हो गया है लेकिन व्यापार स्तम्भ में नहीं।

**चुनौतियांः**

अमेरिका पर आर्थिक निर्भरताः भारत को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि अमेरिका के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी का परिणाम पूर्ण आर्थिक निर्भरता न हो।

- IPEF अमेरिका पर केंद्रित और चीन को छोड़कर एक एकीकृत आर्थिक प्रणाली विकसित करने के बारे में है।
- विनिर्माण क्षेत्रक पर प्रभावः भारत के विनिर्माण क्षेत्रक पर किसी व्यापार समझौते के प्रभाव की आशंका चिंता का विषय बनी हुई है।
- IPEF के साथ, अनुचित श्रम और पर्यावरण मानकों के निर्माण में भारत के तुलनात्मक लाभ से समझौता करने का जोखिम है।
- सीमित नीतिगत विकल्पः भारत के IPEF में शामिल होने से डिजिटल अर्थव्यवस्था और हरित उत्पादों जैसे उभरते क्षेत्रों में एक जीवंत घरेलू इकोसिस्टम बनाने की क्षमता पर समझौता हो सकता है।
- IPEF में शामिल होने का मतलब बिग टेक और डिजिटल नीति-निर्माण को विनियमित करने के लिए पॉलिसी स्पेस पर अपना नियंत्रण खोना हो सकता है।
- कृषि पर प्रभावः IPEF का कृषि में गहरा प्रभाव हो सकता है, विशेष रूप से आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों और भोजन के संदर्भ में।
- जल्दबाजी में बातचीतः I PEF को नवंबर 2023 तक पूरा करने का प्रस्ताव है, और वास्तविक चर्चा पिछले साल के अंत में ही शुरू हुई।
- बातचीत पूरी करने की हड़बड़ी का परिणाम यह हो सकता है कि भारत प्रमुख चिंताओं और मुद्दों को दूर करने से चूक जाए।

**निष्कर्षः**

- भारत को संभावित आर्थिक प्रभावों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन अनुरूप अनुकूल यातों के लिए बातचीत करने की आवश्यक मूल्यांकन करने और भारत के हितों के आवश्यकता
- भारत को IPEF के अन्य स्तंभों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो उसके आर्थिक हितों से समझौता नहीं करते हैं, जैसे कि आपूर्ति श्रृंखला, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था स्तंभ ।

## एक त्रासदी, जिसका पूर्वानुमान था : केरल में नाव दुर्घटना और चूक

**संदर्भः**

हाल ही में, एक नाव तनूर नगर पालिका के पुरपुझा नदी के मुहाने में डूब गई थी, जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें से 15 बच्चे थे। यह नाव स्थानीय पर्यटकों से क्षमता से दोगुनी भरी हुई थी और शाम के बाद के संचालन के लिए इसे साफ नहीं किया गया था।

**न्यू इनलैंड वेसल्स एक्ट 2021:**

- गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के लिए जहाजों की विशेषज्ञ जांच को अनिवार्य करता है।
  - यह सुनिश्चित करता है कि नावें पानी में उतरने से पहले आवश्यक जाँचों को पूरा करती हैं।
- उचित पंजीकरण और सुरक्षा उपकरणों के बिना अंतर्देशीय पोत के संचालन पर रोक लगाता है।
  - सर्वेक्षण और पंजीकरण के लिए अनिवार्य प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना चाहिए और कानून के तहत पालन किया जाना चाहिए।
- राज्य सरकारों को ओवरलोडेड या अपंजीकृत नावों को हटाने या रोकने की शक्ति प्रदान करता है। उल्लंघन करने वालों को भारी जुर्माना और तीन साल तक की कैद का सामना करना पड़ेगा।

**एक उपभोक्ता के रूप में अपने अधिकारों को जाननाः**

- नाव का रजिस्ट्रेशन नंबर और वैधता हमेशा जांच लें। करें कि सभी पुखा उपाय मोजूद है और वैध है यह सुनिश्चित करने के लिए पहले कुछ शोध करें कि सभी सुरक्षा उपाय मौजूद हैं और वैध हैं।

- ❖ एक लाइफ जैकेट चुनें जो आपको फिट हो और इसे ठीक से सुरक्षित करें।
- ❖ एक लाइफ जैकेट रखें जो अच्छे से पाहणी जा सके, ताकि दुर्घटना की स्थिति में यह काम आए।
- ❖ नाव में ओवरलोडिंग से बचें।
- ❖ नाव की अधिकतम क्षमता का सम्मान करें और घोषित क्षमता से अधिक भरी हुई नाव पर कभी न चढ़ें।

**सुरक्षा उपाय कम क्यों पड़ते हैं?**

- ❖ सुरक्षा मानदंडों का पालन न करना:
- ➢ सेवा प्रदाता खुले तौर पर नाव सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करते हैं, जबकि प्रशासन उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहता है।
- ❖ अक्षम निगरानी:
- ➢ कार्यान्वयन एजेंसियां अक्सर उपभोक्ताओं के प्रति लापरवाह रहती हैं क्योंकि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से ओवरलोडिंग या किसी अन्य उल्लंघन के लिए नावों की कड़ाई से निगरानी नहीं की जाती है।
- ❖ **उपभोक्ताओं में जागरूकता की कमी:**
- ➢ लोग पहले से सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों और नियमों की जांच किए बिना फेरी पर चढ़ना जारी रखते हैं।

**बेहतर निगरानी के लिए प्रौद्योगिकी पर निर्भरता:**

- ❖ बेहतर निगरानी के लिए पर्यटक नावों में सीसीटीवी कैमरे लगाने से भी ओवरलोडिंग और किसी अन्य उल्लंघन से बचने में मदद मिलेगी।
- ❖ घाटों को अलार्म से सुसज्जित किया जा सकता है जो चालक दल के साथ-साथ यात्रियों को भी सचेत करते हुए ओवरलोड होने पर बंद हो जाते हैं।
- ❖ नावों की गुणवत्ता की बेहतर निगरानी के लिए अधिकारियों के लिए अच्छी उपभोक्ता प्रतिक्रिया के लिए नावों पर हेल्पलाइन नंबर प्रदान करें।

**नए अधिनियम का कार्यान्वयन:**

- ❖ नई विशेषताएं:
  1. देश भर में कानूनों और विनियमों की एकरूपता ।
  2. अंतर्देशीय जल परिवहन की गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार के लिए अनिवार्य प्रावधान।
  3. यात्रियों की अनुमत संख्या से अधिक ले जाने वाले किसी भी यांत्रिक रूप से संचालित जहाज को रोकने या जब्त करने का प्रावधान।

**पुराने अधिनियम के तहत मौजूदा नियम:**

- ❖ केरल IV नियम, 2000, पुराने अंतर्देशीय पोत अधिनियम, 1917 के तहत बनाए गए हैं।
- ❖ सुरक्षा उपकरण, तृतीय पक्ष बीमा और यात्री सुविधाओं के उपयोग को अनिवार्य करता है।
- ❖ सर्वेक्षण के प्रमाण पत्र और पंजीकरण के प्रमाण पत्र के बिना किसी भी यांत्रिक रूप से संचालित अंतर्देशीय जहाज के उपयोग पर रोक।

**निष्कर्ष:**

- ❖ हमेशा यात्रियों की संख्या और उसके पंजीकरण प्रमाणपत्र की जांच करें।
- ❖ बकल अप करें, अपनी लाइफ जैकेट पहनें और नियमों का पालन करें।
- ❖ सुरक्षा उपायों की बेहतर निगरानी और प्रशासन।
- ❖ उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ जागरूकता और कड़ी कार्रवाई के महत्व पर प्रकाश डालना, बेहतर तकनीक को लागू करना और प्रशासन द्वारा सकारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करना और उसका पालन करना ।

⌘⌘⌘

Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR